<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>
<u>विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन</u>

पंतनगर। 30 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी क्रम में टाइटन कम्पनी लिमिटेड एक भारतीय लक्जरी उत्पाद कम्पनी है जो मुख्य रूप से आभूषण, घड़ियां और आईवियर जैसे फैशन के समान बनाती है। यह कम्पनी टाटा समूह का हिस्सा और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम ;ज्प्क्ब्व्द्ध के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में शुरू हुआ, कंपनी का कॉर्पोरेट मुख्यालय सिटी, बैंगलोर में है। इस कम्पनी ने वर्ष 1984 में टाइटन वॉचेज लिमिटेड के नाम से परिचालन शुरू किया और वर्ष 1994 में, टाइटन ने तनिष्क के साथ ज्वैलरी में तथा बाद में टाइटन आईप्लस के साथ आईवियर में कारोबार किया तथा इस कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय के 02 विद्यार्थियों क्रमशः अभिज्ञा रावत एवं अभिधा रावत, बी.टेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष लगभग रू. 5 लाख वित्तीय पैकेज तथा अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

(1) अभिज्ञा रावत

(2) अभिधा रावत